INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Question -Bank - पाठ 2 - नादान दोस्त

अति लघुउत्तरीय प्रश्न :-

प्रश्न 1. चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे ?

उत्तर- चिड़िया ने अंडे कार्निस पर दिए थे |

प्रश्न 2. बच्चों के मन में क्या जिज्ञासा थी ?

उत्तर- बच्चों के मन में अंडों को देखने की जिज्ञासा थी |

प्रश्न 3. केशव ने श्यामा को क्या लाने को कहा ?

उत्तर- केशव ने श्यामा को कूड़ा फेंकने वाली टोकरी लाने को कहा l

प्रश्न 4. श्यामा की नींद कब खुली ?

उत्तर- श्यामा की नींद चार बजे खुली l

प्रश्न 5 . चिड़िया ने कितने अंडे दिए थे ?

उत्तर- चिड़िया ने तीन अंडे दिए थे l

लघुउत्तरीय प्रश्न :-

प्रश्न 1 . अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में किस तरह के सवाल उठते थे ?

उत्तर- अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में कई तरह के सवाल उठते थे जैसे कि - अंडे कैसे हैं ? कितने बड़े हैं ? किस रंग के हैं ? उनमें से बच्चे कैसे निकलेंगे इत्यादि |

प्रश्न 2 . बच्चे आपस ही में सवाल-ज़वाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दे दिया करते थे?

उत्तर- बच्चे आपस ही में सवाल-ज़वाब करके अपने दिल को तसल्ली दिया करते थे क्योंकि उनके सवालों के ज़वाब देने के लिए अम्माँ और बाबू जी के पास समय नहीं था |

प्रश्न 3 . माँ के सोते ही केशव और श्यामा दोपहर में बाहर क्यों निकल आए ?

उत्तर- माँ के सोते ही केशव और श्यामा अंडों की सुरक्षा की व्यवस्था करने के लिए दोपहर में बाहर निकल आए थे |

प्रश्न 4 . श्यामा ने क्या सोचकर माँ से केशव की शिकायत की ?

उत्तर- श्यामा ने सोचा कि केशव को उसकी गलती की सज़ा मिलनी चाहिए, इसलिए उसने माँ से केशव की शिकायत की l

दीर्घउत्तरीय प्रश्न :-

प्रश्न 1 . केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी और दाना-पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे?

उत्तर कार्निस पर चिड़िया के अंडे थे। केशव ने श्यामा से चिथड़े मँगवाकर उनकी गद्दी बनाई और अंडों के नीचे रख दी | उन्हें धूप से बचाने के लिए टोकरी से छत बनाई | चिड़िया को अपने बच्चों के लिए दाना-पानी लाने दूर न जाना पड़े इसलिए दाना –पानी मँगाकर कार्निस पर ही रख दिया ।

प्रश्न 2 . केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की या नादानी ?

उत्तर- केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा करने की नादानी की । चिड़िया अपने अंडों की रक्षा स्वयं कर सकती थी। चिड़िया ने सुरक्षित स्थान समझकर ही कार्निस पर अंडे दिए थे | केशव और

श्यामा ने अंडों की रक्षा करने के प्रयास में उन्हें छूकर गंदा कर दिया। उन्हें नहीं मालूम था कि यदि वे अंडों को छू लेंगे तो चिड़िया उन्हें गिरा कर उड़ जाएगी |

प्रश्न 3 . केशव और श्यामा ने अंडों के बारे में क्या- क्या अनुमान लगाए?

उत्तर- केशव और श्यामा ने अनुमान लगाया कि अंडों को तिनकों पर परेशानी होती होगी तथा कार्निस पर उन्हें धूप भी लगती होगी l उन्होंने यह भी अनुमान लगाया कि चिड़िया सारे बच्चों का पेट अकेले नहीं भर पाएगी और बच्चे भूख से मर जाएँगे l

शब्दार्थ

1 कार्निस – दीवार के ऊपर का आगे बढ़ा हुआ भाग A decorative border above the window
2 सुध – होश – Sense
3 तसल्ली – दिलासा – Satisfaction
4 गर्व – घमंड – Proud
5 पेचीदा – मुश्किल – Difficult, Hard
6 जिज्ञासा – जानने की इच्छा – Eager to know
7 अधीर – बेचैन – Restless
8 अनुमान – अंदाज़ा – Idea
9 प्रस्ताव – सुझाव – Suggestion
10 स्वीकृत करना – मंजूर होना – Accept
11 चाव – शौक – Interest
12 आँख बचाकर – नज़रों से बचकर – Sneaked (to hide)
13 उधेड़बुन – सोच विचार – Lost in thoughts
14 हल करना – सुलझाना – Solving the problem
15 सूराख – छेद – A Hole
16 हिकमत – उपाय, युक्ति – Plan
17 हिफ़ाजत – रक्षा – security, Safety
18 चिथड़े – फटे पुराने कपड़े – Rag, Old cloths
19 चटनी कर डालना – खूब पीटना – Beating hard
20 यकायक – एकदम – Suddenly
21 संयोग से – इत्तफ़ाक से – By chance
22 उल्टे पाँव दौड़ना – देखते ही दौड़ना – Returning back immediately
23 चेहरे का रंग उड़ना – घबरा जाना – Getting scared
24 उजला – साफ़ – Very clear
25 सहमी हुई- घबराई हुई – Afraid
26 सोटी – डंडा – Wooden stick
27 भीगी बिल्ली बना – डरा हुआ – Scared
28 थामना – सहारा देना – Helping
29 जोग – प्रयास – Try
30 सत्यानाश करना – बरबाद कर डालना – Spoiling everything